HINDUSTAN, LUCKNOW
Wednesday, November 17, 2010

एलपीएस ने जीती टीसीएस आईटी विज

अगले माह होने वाले नेशनल फाइनल में भाग लेंगे रोहित और स्वप्निल

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ

क्विज मास्टर पिकब्रेन के सवालों का चक्रव्यूह भेदते हुए लखनऊ पब्लिक स्कूल (एलपीएस) की टीम ने मंगलवार को टीसीएस आईटी क्विज के क्षेत्रीय दौर में विजेता का ताज हासिल किया। दूसरे स्थान पर देहरादून स्थित समर वैली स्कूल की टीम रही। विजेता टीम के सदस्य रोहित कश्यप और स्वप्निल पलाश को मुख्य अतिथि आईआईएम निदेशक प्रो. देवी सिंह और उपविजेता टीम के दिनाकर जुयाल और विनायक शर्मा को जीबीटीयू के कुलपति प्रो. कृपाशंकर ने पुरस्कार दिया। विजेता टीम के दोनों सदस्यों को टीसीएस की ओर से ट्राफी के साथ थिंकपैड लैपटॉप दिया गया जबकि उपविजेता टीम के सदस्यों को आयडिया पैड नेटबुक के साथ रनर अप ट्राफी दी गई। विजेता टीम दिसम्बर में होने वाली नेशनल आईटी विज में भाग लेंगे जहाँ देश के 12 क्षेत्रीय दौर के विजेता खिताब के लिए भिड़ेंगे।

टीसीएस आईटी विज के विजेताओं को सम्मानित किया गया। • हिन्दुस्तान

कक्षा आठ से 12 तक के छात्रों के बीच होने वाले इस सालाना आईटी विज के मंगलवार को संत गाडगे प्रेक्षागृह में हुए क्षेत्रीय दौर में उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के विभिन्न स्कूलों के दो दो छात्रों की पाँच सौ टीमों ने भाग लिया। फाइनल राउण्ड के लिए चुनी गई छह टीमों में लखनऊ से लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखनऊ पब्लिक कॉलेज, मांटफोर्ट इंटर कॉलेज, कानपुर से दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल और देहरादून से समर वैली स्कूल ने स्थान बनाया। फाइनल में ऑटोनॉमिक कम्प्यूटिंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग, एट टीसीएस, समानांतर कम्प्यूटिंग और ग्रिड कम्प्यूटिंग राउण्ड में प्रतिभागियों से क्विजमास्टर गिरि बालासुब्रमण्यम 'पिकब्रेन' ने सवाल पूछे। विजेता टीम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेगी जहाँ उसे टीसीएस के सीईओ एन चंद्रशेखरन के साथ रात्रिभोज में शामिल होने का मौका भी मिलेगा। जयंत कृष्णा ने बताया कि टीसीएस की 11 साल से हो रही यह प्रतियोगिता लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो चुकी है। आईआईएम निदेशक प्रो. देवी सिंह ने क्विजिंग टीसीएस और प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी।